पशुपतिनाथ मेले में आज कुमार सानू जूनियर नाईटस

मंदसौर(इन्दौर समाचार)। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला डिप्टी कलेक्टर व सी.एम.ओ. श्री रोहित रणावत मेला सभापति श्री कमलेश सिसोदिया मेला अधिकारी श्री पी.एस. धार्वे ने बताया कि 64 व भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव का मेला दिनांक 20 नवंबर से 9 दिसंबर तक 20 दिवसीय नगर पालिका परिषद के द्वारा आयोजित किया जा रहा है आज दिनांक 28 नवंबर 2026 शनिवार को रात्रि 8:30 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर कुमार सानू जूनियर नाइट्स कार्यक्रम होगा जिसमें मंदसौर नगर व जिले के स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

व्यापारियों को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के प्रति किया जागरूक, सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प अपनाने की दी सलाह



मंदसौर(इन्दौर समाचार)। न. पा. द्वारा 27 नवंबर, को शहर के बस स्टैंड व्यावसायिक क्षेत्र में व्यापारियों एवं दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित रणावत के निर्देशानुसार नगर पालिका के स्वच्छता अमले द्वारा विभिन्न दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों को स्वच्छता एवं कचरे के उचित प्रबंधन के संबंध में समझाइश दी गई। अभियान के दौरान व्यापारियों को अपनी दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने तथा दुकान एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित कर निर्धारित डस्टबिन में डालने तथा कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने की समझाइश दी गई। इसके अतिरिक्त सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा उसके स्थान पर बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने की सलाह दी गई। नगर पालिका परिषद द्वारा व्यापारियों एवं दुकानदारों से अपील की गई कि वे अपनी दुकानों के बाहर डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा स्वच्छता नियमों का पालन करते हुए शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें।

लायंस की प्रथम जोन एडवाइजरी सभा संपन्न, क्लबों ने प्रस्तुत की रिपोर्ट



मंदसौर(इन्दौर समाचार)। लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-ई2, रीजन-3, जोन-2 की प्रथम जोन एडवाइजरी सभा का आयोजन गुरुवार को जैनिसा फूड कोर्ट, मंदसौर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीडीजी-2 लायन जितेंद्र मित्तल एवं अध्यक्षता जोन चेयरपर्सन लायन संजय पारीख ने की । कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा लायंस के जनक सर मेल्विन जोन्स के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के अध्यक्ष लायन मनोज मित्तल , लायंस क्लब मंदसौर के अध्यक्ष लायन डॉ. के. सी. श्रीमाल, लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक की अध्यक्ष लायन सुमित्रा चौधरी मंचासीन थे। सभा में डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सदस्य लायन डॉ. प्रदीप चेलावत, लायन पुष्पा चेलावत, लायन सत्यनारायण छापरवाल, लायन सुरेश सोमानी, लायन विजय पलोड, लायन सुदीप दास, लायन राजकुमार पारीख एवं लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के सदस्यो की उपस्थिति में सभी क्लबों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि लायन जितेंद्र मित्तल ने अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों को एकजुट होकर अधिक से अधिक सेवा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा सभी क्लब अध्यक्षों को पिन लगाकर सम्मानित किया। जोन चेयरपर्सन लायन संजय पारीख ने अपने क्षेत्र के सभी क्लबों का अभिवादन करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन लायन संदीप जैन ने किया तथा आभार लायन विजय पलोड ने माना।

पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानव समाज' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया

मंदसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर. डी.गुप्ता के मार्गदर्शन में समाजशास्त्र विभाग द्वारा 26 नवंबर 2026 को 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानव समाज' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सौरभ गुर्जर, सहायक प्राध्यापक, शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम द्वारा व्याख्यान दिया गया । मुख्य वक्ता डॉ. सौरभ गुर्जर ने अपने व्याख्यान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सामाजिक, शैक्षणिक एवं नैतिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को केवल तकनीकी उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक संस्थाओं एवं सामाजिक परिवर्तन की महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया कि क्या तकनीकी रूप से जुड़े हुए लोग सामाजिक रूप से भी उतने ही जुड़े हुए हैं? उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षक का स्थान नहीं ले सकती, बल्कि एक सक्षम शिक्षक की भूमिका एवं शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के केंद्र में मशीन नहीं, बल्कि मानव कल्याण, मानवीय अधिकार एवं सामाजिक न्याय होना चाहिए। हमें तकनीकी भविष्य से अधिक मानव समाज के भविष्य पर विचार करना होगा।

उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक साधन है, जिसका उपयोग सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों एवं मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सीता बोरासी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जैन द्वारा किया गया एवं संचालन डॉ. कल्पना जयपाल ने किया। आभार डॉ. भारत सिंह द्वारा दिया गया व्याख्यान में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

आदर्श विद्या मंदिर चौमहला में मातृ सम्मेलन में उमड़ी मातृशक्ति

चौमहला (मुकेश पोरवाल)। चौमहला कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उत्साह से महिलाओं ने लिया भाग जब मां जागरूक होती है तो पूरा परिवार संवरता है और परिवार के संस्कारित होने से समाज की दिशा बदलती है। इसी संदेश के साथ चौमहला नगर में विद्या भारती द्वारा संचालित मुन्नी देवी आदर्श विद्या मंदिर, उच्च प्राथमिक विद्यालय में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें नगर की बड़ी संख्या में माताओं एवं बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अतिथियों का स्वागत सत्कार आरती शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बहिन मोक्षिता चौधरी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, बहिन मनीषा वर्मा ने अत्यंत कठिन योगासनों का प्रदर्शन किया। महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया जिसने पूजा पोरवाल, अंगूर बाला, और संगीता राठौर ने विभिन्न खेलो में प्रथम स्थान प्राप्त



कर पुरस्कार प्राप्त किया।

सम्मेलन में बच्चों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, दिनचर्या एवं संस्कारों से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंगूर बाला जैन, प्रतिभा पंजाबी, मुख्य वक्ता प्रिया सोनी और विद्यालय के प्रधानाचार्य रामगोपाल कारपेंटर, उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने माताओं से संवाद करते हुए कहा कि बच्चे की पहली गुरु उसकी मां होती है। बच्चे का खान-पान, दिनचर्या, स्वास्थ्य और संस्कार काफी हद तक मां की भूमिका पर निर्भर करते हैं। उन्होंने माताओं से बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा उन्हें मोबाइल की लत और गलत संगत से बचाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य ने माताओं को विद्यालय की गतिविधियों से जुड़कर बच्चों को नियमित रूप से पूर्ण गणवेश में भेजने, समय पर गृहकार्य करवाने तथा घर में अनुशासन का वातावरण बनाने की बात कही। महिलाओं को लक्कड़ुश और सीता माता के पात्रों ने मंत्रमुग्ध किया। साथ ही बहिन ऋषिता सोनी ने मधुर गीत से मां की भूरी भूरी प्रशंसा की।कार्यक्रम का संचालन ममता दीदी ने किया। सम्मेलन के अंत में किरण पंवार ने सभी माताओं एवं बहनों का आभार व्यक्त किया।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मिंडलाखेड़ा और मुन्दड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मंदसौर(इन्दौर समाचार)।



अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 27 नवंबर को वन स्टॉप सेंटर मंदसौर द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम मिंडलाखेड़ा और मुन्दड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रमों में ग्रामीणों और स्कूली विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इसकी रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। ग्राम मिंडलाखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है। कम उम्र में विवाह होने से उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

साथ ही बालिकाओं के भविष्य, आत्मनिर्भरता और जीवन में आगे बढ़ने के अवसर भी सीमित हो जाते हैं। उपस्थितजनों को बाल विवाह रोकने और समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में ग्राम मुन्दड़ी में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों को बाल विवाह की रोकथाम, इसके दुष्परिणामों तथा बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य बताते हुए इस सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने में नागरिकों की भूमिका के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह की जानकारी मिलने पर संबंधित अधिकारियों, पुलिस, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना देने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

संगिनी ग्रेटर मंदसौर ने कंबल वितरित किए



मंदसौर (इन्दौर समाचार)। संगिनी ग्रेटर मंदसौर द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को 30 कंबल का वितरण गांधी चौराहा और गणेश मंदिर पर किया गया। इस कार्यक्रम को संगिनी कन्वीनर लोकेंद्र जैन के सहयोग से किया गया।

इस कार्यक्रम में संगिनी अध्यक्ष नीता मेहता,सचिव कुसुम जैन,पूर्व अध्यक्ष वंदना जैन,सह सचिव सुनीता पहाड़िया, संगिनी सदस्य ज्योति जैन,अंजना जैन, म. प्र.रीजन कन्वीनर महेंद्र जैन, संगिनी कन्वीनर श्री अनिल जैन ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मेहता और अकुंश जैन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में शामिल सभी सदस्यों और कार्यक्रम के प्रायोजक श्री लोकेंद्र जी जैन के लिए धन्यवाद और आभार अध्यक्ष नीता मेहता द्वारा व्यक्त किया गया।

शामगढ़ में भारतीय जनता युवा मोर्चा का युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित



शामगढ़ (सुनील काला)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे शासकीय महाविद्यालय शामगढ़ में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान युवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों, लोकतंत्र की मजबूती और सामाजिक जागरूकता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य वक्ता अंकित यादव ने युवाओं को जागरूक होकर देश और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

अजाक्स मंदसौर द्वारा संविधान दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

मंदसौर(इन्दौर समाचार)। - भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहा, मंदसौर में मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (म.प्र. अजाक्स), जिला मंदसौर द्वारा गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता भारत रत्न परम पूज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना) का वाचन किया गया तथा संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के मूल आदर्शों को अपने जीवन में



आत्मसात करने एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर म.प्र. अजाक्स के नवनियुक्त संभागीय महासचिव मनोज कुमार धानिया का जिला अजाक्स परिवार की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय संयुक्त सचिव जे.पी. अहिरवार, संभागीय महासचिव मनोज कुमार धानिया, जिला अध्यक्ष प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सूर्यवंशी, वरिष्ठ मार्गदर्शक शोभाराम सूर्यवंशी, अनिल दाहिमा, जिला संयुक्त सचिव राधेश्याम देवड़ा, रामलाल जाटव, दिनेश चंद्र सरेड मंदसौर, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज सूर्यवंशी, रामनारायण परिहार, राजूलाल खराड़ी, प्रमोद सूर्यवंशी, अर्जुन हरोकी सहित अजाक्स के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों, सम्मान, समानता और सामाजिक न्याय का आधार है। संविधान के प्रति जागरूकता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। म.प्र. अजाक्स, जिला मंदसौर ने संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए सामाजिक समता, न्याय एवं बंधुत्व के विचारों को मजबूत करने का संकल्प लिया। आभार जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सूर्यवंशी द्वारा व्यक्त किया गया।

भोजन बनाते गैस की टंकी में ब्लास्ट गांव के चौकीदार जाकिर पठान की मौत

भानपुरा (मंदसौर)। शुक्रवार प्रातः 11:00 बजे तहसील मुख्यालय भानपुरा से 10 किलोमीटर दूर स्थित कंवला बस स्टैंड पर स्थित गांव के चौकीदार जाकिर हुसैन पठान के मकान में भोजन बनाते समय गैस की टंकी में ब्लास्ट होने से पत्नी को बचाने दौड़े गांव के चौकीदार जाकिर हुसैन पठान 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।



ग्रामीण जनों ने बड़ी संख्या में घर में लगी आग को बुझाने का हर संभव प्रयास किया भानपुरा से नगर परिषद भानपुरा की फायर फाइटर भी मौके पर पहुंची थी परंतु आग पर काबू पाने में काफी समय लगा वहीं चौकीदार जाकिर पठान का 30 वर्षीय बड़ा पुत्र जाफर भी काफी झुलस गया जिसका उपचार शासकीय चिकित्सालय भानपुरा में चल रहा है, उपरोक्त हादसे में मृतक की पत्नी नूरजहां घर के पीछे स्थित बाथरूम में होने से सुरक्षित बताई जा रही है, जाफर पठान का मुंह हाथ व सीना झुलस गया। मौके पर पुलिस थाना भानपुरा के एस आई बापू सिंह बामनिया ने बताया कि परिवार को बचाने का काफी प्रयास किया गया परंतु चौकीदार जाकिर पठान को नहीं बचाया जा सका।

जाकिर पठान चौकीदारी के साथ-साथ घर से लगी अपनी बस स्टैंड स्थित उक्त दुकान पर ही पंचर बनाने का काम करता था। शाम 5:00 बजे चिकित्सालय भानपुरा में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस भानपुरा ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है

मंदसौर(इन्दौर समाचार)। शासकीय कन्या महाविद्यालय, के प्राचार्य डॉ. सुधीर रायजादा ने जानकारी देते हुए बताया कि शा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आध्यात्मिक संगठनों की सहायता एवं सहभागिता से शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर में नशा मुक्ति संबंधी जागरूकता एवं रोकथाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार, दशपुर जागृति संगठन के अधिवक्ता सत्येंद्र सोम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अपने व्याख्यान में अधिवक्ता सत्येंद्र सोम ने बताया कि नशे की शुरुआत अक्सर छोटी-छोटी आदतों से होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज को प्रभावित करने लगती है। नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसकी पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रयास करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें नशा मुक्त भारत अभियान का सक्रिय सहभागी बनाना था। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सुरभि चौधरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रोफेसर सूरज वर्मा ने किया।

कलेक्टर ने नागरिकों से चर्चा की

जन विश्वास अभियान अंतर्गत जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में प्रति शुक्रवार आयोजित किये जाने वाले जन विश्वास अभियान अंतर्गत कल नपा सभागृह में मंदसौर जिला प्रशासन के द्वारा नपा परिषद मंदसौर के सहयोग से जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर दिव्यांकसिंह ने नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की गरिमामय उपस्थिति में मंदसौर नगर के नागरिकों एवं अपनी समस्या लेकर पहुंचे आमजनों से चर्चा की तथा चर्चा के बाद मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को उक्त समस्याओ का समाधान शीघ्रता से समय सीमा में करने के निर्देश दिये। कलेक्टर दिव्यांकसिंह ने लगभग डेढ़ घंटे तक नपा सभागृह में रहकर नागरिकों से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर दिव्यांकसिंह व नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने शासन की योजना अंतर्गत पात्र



हितग्राहियों के स्वीकृत हुये प्रकरणो के स्वीकृति पत्र भी बांटे। 10 पात्र हितग्राहियों को अनुग्रह राशि (2-2) लाख रुपये के तथा एक हितग्राही को 4 लाख रु. की स्वीकृति के पत्र सौंपे गये। 14 पेन्शन प्रकरणों के पत्र भी सौंपे गये। जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित इस जन संवाद कार्यक्रम में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुकूल जैन, वन अधिकारी संजय रायखेडे, डिप्टी कलेक्टर व सीएमओ नपा मंदसौर रोहित रणावत, डिप्टी कलेक्टर व शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी शुभम गुर्जर, अनुविभागीय अधिकारी शुभम पाटीदार, प्रेमशंकर पटेल, सीएसपी मंदसौर जितेन्द्र भास्कर, तहसीलदार मंदसौर सोनिकासिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक चौरसिया, शहर थाना प्रभारी पुष्पेन्द्रसिंह राठौर एवं विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी गण कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। जनसंवाद कार्यक्रम में आमजनों से चर्चा के बाद कलेक्टर श्री दिव्यांकसिंह ने सभी उपस्थित शासकीय कर्मचारियों से शासन की योजनाओं व उनके क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आवश्यक चर्चा भी की। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने कुर्सी पर बैठकर पूरे विस्तार से अपनी समस्याये कलेक्टर श्री दिव्यांकसिंह के समक्ष रखी तथा आवेदन भी प्रस्तुत किये।